# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 का खिताब किसने जीता है?

(A) तरुशी राय

(B) प्रियंका चौधरी

(C) तनुश्री शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान की तरुशी राय ने 23 मार्च 2026 को फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है।
- फेमिना मिस इंडिया राजस्थान का 61वां संस्करण आयोजित किया गया
- इस उपलब्धि के साथ अब वह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी और मिस वर्ल्ड की दौड़ में शामिल होंगीं।
- फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 तरुशी राय मिस राजस्थान-2022 की विजेता भी रहीं है

## Yesterday Revision

01. चेन्नई में आयोजित प्रथम बीच ताईचीवान राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य सहित कुल तीन पदक अपने नाम किए।

02. राजस्थान में आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को गरम-मीठा दूध पिलाया जा रहा है।

03. राजस्थान में बांसवाड़ा जिले की सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स परियोजना

04. राजस्थान सेमीकंडटर नीति 2026 • जारी – 18 मार्च 2026, उद्देश्य – राज्य को सेमीकंडक्टर निर्माण, चिप डिजाइन और पैकेजिंग का प्रमुख केंद्र बनाना।

05. राजस्थान की राजधानी जयपुर में 21 मार्च को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मेगा निवेश रोड शो का आयोजन किया

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान की पैरा एथलीट खुशबू गिल ने 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शॉट पुट में रजत पदक जीता है

(B) भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 17 से 21 मार्च तक प्रतियोगिता आयोजित हुई

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- राजस्थान की पैरा एथलीट खुशबू गिल ने 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता।
- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 17 से 21 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में खुशबू ने 11.58 मीटर का दमदार थ्रो कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया
- प्रतियोगिता में देशभर से 1460 से अधिक पैरा एथलीटों ने भाग लिया। खुशबू गिल पहले भी 'खेलो इंडिया गेम्स 2025' में स्वर्ण और दिल्ली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में रजत पदक जीत चुकी हैं

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद एवं सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, जयपुर के मध्य MOU किया गया है

(2) इस समझौते का उद्देश्य राजीविका द्वारा प्रोत्साहित मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन को सुदृढ़ करना है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद एवं सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, जयपुर के मध्य आगामी तीन वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते का उद्देश्य राजीविका द्वारा प्रोत्साहित मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन को सुदृढ़ करना तथा फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश घटक के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना है।
- एमओयू के तहत मॉडल सीएलएफ, किसान उत्पादक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहारों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी

03. नई शिक्षा नीति – 2020 पर आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय कौनसा है?

(A) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(B) हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय

(C) महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अजमेर में MDSU (महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय) NEP (नई शिक्षा नीति – 2020) आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।
- इसके लिए 24 मार्च 2025 को एक दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया।
- महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मंगलवार को विश्वविद्यालय के स्वराज सभागार में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया।
- इस कार्यशाला में राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में पहला 'नाफेड बाजार' पिछले सप्ताह जयपुर के नेहरू सहकार भवन में शुरू किया गया

(2) इस पहल की स्थापना नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गई

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में पहला 'नाफेड बाजार' पिछले सप्ताह जयपुर के नेहरू सहकार भवन में शुरू किया गया, जो राज्य में किसान-उपभोक्ता संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- इस पहल की स्थापना नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएएफईडी) द्वारा अपनी "किसान से रसोई तक" अवधारणा के तहत की गई है।
- इस नए आउटलेट का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है, साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, प्रमाणित और गुणवत्ता-सुनिश्चित उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध कराना है।

# 05. राजस्थान के किस जिले में 131 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण किया गया किया गया?

(A) अजमेर

(B) राजसमंद

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा में रामनवमी का पर्व इस बार खास बन गया. धर्मनगरी को एक भव्य धार्मिक सौगात मिली जब गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर बनी 131 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण किया गया.
- हनुमान जी की यह विशाल प्रतिमा 500 फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थापित की गई है, जिसकी ऊंचाई 131 फीट है. यह प्रतिमा श्रीनाथजी के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक मानी जा रही है.
- इस भव्य मूर्ति के निर्माण में करीब 115 टन स्टील और 40 टन फाइबर ग्लास का उपयोग किया गया है. इसका कुल वजन लगभग डेढ़ टन बताया जा रहा है. दिल्ली के प्रसिद्ध मूर्तिकार नरेश कुमावत ने तीन वर्षों की मेहनत से इस अद्भुत प्रतिमा को आकार दिया है.

# Sujas E-QUIZ

जयपुर, सोमवार, 23 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-33

1. **21 मार्च** को मनाया गया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस 2026 की मुख्य थीम क्या थी?
(A) वन और जल संरक्षण
(B) वन्यजीव सुरक्षा और हम
(C) हरा और खुशहाल विश्व
(D) वन एवं अर्थव्यवस्था

2. **मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने 30 मार्च के स्थान पर 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा' को राजस्थान दिवस मनाने की ऐतिहासिक शुरुआत किस वर्ष की?
(A) वर्ष 2023 (B) वर्ष 2024
(C) वर्ष 2025 (D) वर्ष 2026

3. **16 मार्च** 2026 को 'राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस' का राज्य स्तरीय आयोजन कहां किया गया?
(A) मानगढ़ धाम, बांसवाड़ा
(B) बेणेश्वर धाम, डूंगरपुर
(C) प्रतापगढ़
(D) सिरोही

4. **राजस्थान** युवा शक्ति दिवस (17 मार्च, 2026) के अवसर पर राज्य सरकार ने कितने स्टार्टअप्स को 'वायबिलिटी गैप फंड' का वितरण किया?
(A) 250 स्टार्टअप्स
(B) 720 स्टार्टअप्स
(C) 500 स्टार्टअप्स
(D) 403 स्टार्टअप्स

5. **18 मार्च** 2026 को आयोजित 'उद्यमी संवाद समारोह' में मुख्यमंत्री द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी नीति का अनावरण नहीं किया गया?
(A) इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी
(B) राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी
(C) राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी
(D) राजस्थान ईको-टूरिज्म पॉलिसी

Today, Quiz:

Q. हाल ही में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स परियोजना किस राज्य में शुरू हुई है?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine